# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆इंडो-नेपाल बॉर्डर खुनुवां पर थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा एसएसबी के साथ संयुक्त मीटिंग की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुक्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण मे आज दिनांक 18.07.2026 को थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा एसएसबी के साथ इंडो नेपाल बॉर्डर खुनुवां पर गोष्ठी की गई तथा ऑपरेशन कवच के तहत रोक थाम तस्करी के संबंध मे चर्चा की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना डुमरियागंज कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम डुमरियागंज में वरिष्ठ नागरिको के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज श्रीप्रकाश यादव नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 18.07.2026 को थाना डुमरियागंज के ग्राम डुमरियागंज में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया,गोष्ठी के दौरान बुजुर्ग नागरिक सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं।इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना डुमरियागंज-**

1.हे0का0 दिलीप कुमार

2.का0 पंकज मौर्या

3.म0आ0 नीलम यादव

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना भवानीगंज कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बनगवा नानकार में वरिष्ठ नागरिको के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गई।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में व उ0नि0 राजेंद्र प्रसाद सिंह प्रभारी थाना भावानीगंज के नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 18.07.2026 को थाना भवानीगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बनगवा नानकार में जाकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय व उससे अधिक कुल 07 बुजुर्ग नागरिक व दिव्यांग व्यक्तियों के साथ बैठकर व भ्रमण कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 राममिलन सिंह

2.का0 रवि जायसवाल

4.रि0आ0 दीपक

3.म0आ0 उर्मिला

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम देवथरी की महिलाओं/ बालिकाओं को एकत्रित कर महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 18.07.2026 को थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम देवथरी की बालिकाओं/ महिलाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा जनजागरूकता अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया । जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम-**

1.उ0नि0श्री कृष्ण कुमार पांडेय

2.हे0का0 धनन्जय दुबे

3.म0आ0 कंचन सिंह

4.रि0म0आ0 मनीषा सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 फेज 2 के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ वाले स्थानों व मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 18.07.2026 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति  के अन्तर्गत एण्टी रोमियो  के तहत थानाक्षेत्र मोहाना के मोहाना बाजार, ककरहवा बॉर्डर, रमजान नगर, रमवापुर, बर्डपुर बाजार, मधुबेनिया, पुरानी नौगढ़ आदि स्थानों पर महिलाओं और बच्चियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे  विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1098, 112, 181, 1930,108,102आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग करते हुए महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 मीरा चौहान प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड

02.महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्य

03.महिला आरक्षी नेहा सिंह एंटी रोमियो स्क्वाड

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना कपिलवस्तु कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बहोरवा में वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांगजनों के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी तथा उनकी समस्याओं के संबंध मे जानकारी प्राप्त की गयी व कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु के कुशल नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 18/07/2026 को थाना कपिलवस्तु के ग्राम महदेइया में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्ष बुजुर्ग नागरिक व दिव्यांगजनों सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है, तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं।इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 सुमेर यादव

02.आ0 राहुल कुमार आशीष

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर पर जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनसुनवाई किया गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

**◆एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से तहसील परिसर मे वृक्षा रोपण किया गया।**

आज दिनांक 18.07.2026 को जनपद सिद्धार्थनगर के तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, उपजिलाधिकारी नौगढ़ उपस्थित रहें। तहसील दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों के सम्बन्ध में जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं उसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त तहसील दिवस में राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण व तहसील सदर क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के उपरान्त एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से तहसील परिसर मे वृक्षा रोपण किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना उसका बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम शेखुई मे वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 18.07.2026 को प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना उसका बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम शेखुई में कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन किया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मोहाना कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सुकरौली चौराहा मे वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी तथा उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ किया गया एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गई।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 18.07.2026 को थानाध्यक्ष मोहाना जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना मोहाना कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मधुबनी मे कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन किया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

**थाना मोहाना कम्युनिटी पुलिसिंग टीम-**

1.उ0नि0 विजय प्रताप यादव

2.हे0का0आत्मानंद नायक

3.का0 विजय

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना चिल्हिया कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम लुचुईया के ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 18.07.2026 को राजेश कुमार गुप्ता प्रभारी निरीक्षक चिल्हिया के नेतृत्व में थाना चिल्हिया कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा ग्राम लुचुईया में कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन किया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना खेसरहा कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कुनौना में वरिष्ठ नागरिको के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में व कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) के प्रभारी बीरेन्द्र सिंह मौजूदगी में चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 18.07.2026 को थाना स्थानीय के ग्राम कुनौना मे जनसंवाद एवम गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के दौरान बुजुर्ग नागरिको के साथ बैठकर उनकी समस्याओ एव कुशलक्षेम के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त की गयी उपस्थित ग्रामीणो द्वारा बताया गया कि उन्हे वृद्धावस्था पेशन का लाभ नियमित रूप से मिल रहा है और किसी प्रकार की अन्य कोई समस्या नही प्रकट किये उपस्थित लोगो को सीपीयू टीम का नम्बर उपलब्ध कराया गया। किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

**थाना खेसरहा कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) टीम -**

1.उ0नि0 बीरेन्द्र सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना इटवा कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम राजपुर डिहवा में वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक इटवा के कुशल नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग युनिट टीम द्वारा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 18.07.2026 को थानाक्षेत्र के ग्राम राजपुर डिहवा में भ्रमण सील होकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ नागरिको सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई ।

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मिश्रौलिया कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम होरिलापुर मे वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 18.07.2026 को मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक मिश्रौलिया के नेतृत्व में थाना मिश्रौलिया कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम होरिलापुर मे कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन किया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत महिला थाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र उसका बाजार के ग्राम अजीगरा में महिलाओं/बालिकाओ को महिला अपराध व उससे बचाव तथा साइबर अपराध सुरक्षा व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 18.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौर्यान तथा प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना क्षेत्र उसका बाजार के ग्राम अजीगरा में जनचौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। तथा महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन,1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई तथा पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार का विवरण----**

01.महिला आरक्षी कालिन्दी यादव व खुशबु सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम अवधापुर की बालिकाओ/महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 18.07.2026 को थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे थानाक्षेत्र के ग्राम अवधापुर की महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम गड़ाकुल में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 18.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम गड़ाकुल की महिलाओं/ बालिकाओं बहु-बेटी सम्मेलन कर महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया उनको जागरूक किया तथा गांव की महिलाओं व बच्चियों के खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम ढ़ेबरुआ की बालिकाओं को साईबर जागरूकता तथा महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 18.07.2026 को थाना क्षेत्र ग्राम ढ़ेबरुआ की बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं । सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी । तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम का विवरण---**

01.उ0नि० सोमनाथ शर्मा

02.का0 शकीम अंसारी

03.रि0म0आ0 अंजली वर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना ढ़ेबरुआ पुलिस की प्रभावी पैरवी से नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को 07 वर्ष के कठोर कारावास व ₹15,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे दिनांक 18.07.2026 को वाद सं0-12/2017 मु0अ0सं0- 2408/2016 धारा 363, 366,376, भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट थाना ढ़ेबरुआ में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार, एएसजे /एसपीएल/पाक्सो जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त सुशील पुत्र सोमई उर्फ खोड़े निवासी वार्ड नं0-09 रामजानकी मंदिर नगर बढ़नी थाना ढ़ेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 376 भादवि की सपठित धारा 3/4 पाक्सो एक्ट में 07 वर्ष के कठोर कारावास व ₹15,000/- से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी अभिमन्यु थाना ढ़ेबरुआ का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टीगण को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्क विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

डॉ0 अभिषेक कुमार महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "अपराध की रोकथाम एंव वांछित/वारण्टीयों की गिरफ्तारी" के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे त्रिलोकपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 18.07.2026 को माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट बाँसी सिद्धार्थनगर द्वारा जारी एनबीडब्लू वाद संख्या- 3051/24 धारा 452/323/504/506 भा0द0वि0 सरकार बनाम मुन्नीलाल थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित वारंटी 01. गोविन्दलाल उर्फ साधू पुत्र स्व0 काशीराम, 02. कन्हैयालाल पुत्र स्व0 काशीराम निवासीगण सरोथर कठौतिया थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हेतु मा0 न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टीगण का विवरण---**

01.गोविन्दलाल उर्फ साधू पुत्र स्व0 काशीराम निवासी सरोथर कठौतिया थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

02.कन्हैयालाल पुत्र स्व0 काशीराम निवासी सरोथर कठौतिया थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**थाना त्रिलोकपुर पुलिस टीम का विवरण---**

01.उ0नि0 त्रिभुवन यादव थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार गोंड थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना इटवा साइबर सेल की टीम द्वारा शिकायतकर्ता के साथ हुए साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹2000/- को MRM पोर्टल के माध्यम से शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में दिनांक 27.03.2025 को आवेदिका शालिनी कुमारी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत संख्या 33103250036084 के माध्यम से वित्तीय फ्राड होनें का शिकायत किया गया था। जिस पर थाना इटवा साइबर सेल टीम व बैंक के समन्वय से आवेदिका शालिनी कुमारी उपरोक्त के फ्राड धनराशि 2000/- रुपये को MRM Portal के माध्यम से पीड़ित के आज दिनांक 18/07/2026 को उनके खाते में वापस कराया गया तथा शिकायतकर्ता द्वारा थाना इटवा पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण---**

01.संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
02.उ0नि0 नागेंद्र सिंह साइबर प्रभारी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
03.क0आ0 विपुल राय साइबर सेल थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
04.का0 सतीश गौड़ साइबर सेल थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
05.म0का0 श्रीयंका सिंह, मंजू चौहान सेल थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच आपसी मनमुटाव को दूर किया गया तथा जोड़े को एक साथ विदा किया गया।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 18.07.2026 को सरिता पत्नी शक्तिमान पता बेल्टीकर टोला घिरौली थाना मोहाना द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया कि पति से कुछ कहासुनी हो गयी जिससे दोनो मध्य विवाद है। थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर मिशन शक्ति टीम द्वारा परिवार को बिखरने से बचाने में काउंसलिंग टीम मे मिशन शक्ति टीम थाना मोहाना के मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक श्री सुनील सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद भारती व रिक्रूट महिला कांस्टेबल काजल अग्रहरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**निस्तारित पत्रावली का विवरण--**

01-सरिता पत्नी शक्तिमान पता बेल्टीकर टोला घिरौली थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना मिश्रौलिया पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के 03 आरोपियो प्रत्येक को 01-01 वर्ष के साधारण कारावास व ₹2500-2500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 18.07.2026 को वाद सं0-922/2021 मुअसं0-47/2021 धारा 323,504,506,34 भादवि व 3(1)द, 3(1)ध,3(2)Va एससी/एसटी एक्ट थाना मिश्रौलिया में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री त्रिभुवननाथ, एएसजे/एसपीएल/एससी/एसटी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01.प्रेमनरायण पुत्र रामहरख 02. शिवकुमार चौरसिया उर्फ शिवकुमार पुत्र प्रेमनरायण 03.विमल चौरसिया पुत्र वीरेन्द्र चौरसिया निवासीगण डुमीला पाण्डेय थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 323 भादवि सपठित धारा 34 में प्रत्येक को 06-06 माह का साधारण कारावास व ₹500-500/-, धारा 506 भादवि में 01-01 वर्ष के साधारण कारावास व प्रत्येक को ₹1,000-1,000/- तथा धारा 3(2)Va एससी/एसटी एक्ट में प्रत्येक को 01-01 वर्ष के साधारण कारावास व ₹1000-1000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक सन्तोष कुमार मिश्र तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी अमरजीत सिंह थाना मिश्रौलिया का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 18.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 18.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में आगामी त्यौहार श्रावण मास व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पॉट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।